>

Title: Regarding wage revision of contract labourers in BHEL, Bhopal-Laid.

**साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर (भोपाल):** मेरे संसदीय क्षेत्र भोपाल के भेल कारखाने में 25 से 30 वर्षों से 1300 श्रमिक लगातार लेबर सप्लाई के अंतर्गत कार्यरत हैं, जो उत्पादन का लक्ष्य पूर्ण करते आ रहे हैं ।

इन ठेका श्रमिक लेबर सप्लाई कर्मचारियों के द्वारा केन्द्रीय वेज रिवीजन, 2014 का लाभ दिए जाने की मांग निरन्तर की जा रही है । वेज रिवीजन की मांग भेल प्रबन्धक के समक्ष लम्बित है । इन श्रमिकों को भेल प्रबंधन द्वारा राज्य सरकार का न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जा रहा है ।

ठेका श्रमिक को कम वेतन के कारण इनके जीवन यापन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।

मेरा सरकार से आग्रह है कि भेल, भोपाल में कार्यरत ठेका श्रमिक लेबर सप्लाई कर्मचारियों को केन्द्र सरकार का न्यूनतम वेतन लागू किए जाने की समुचित कार्यवाही की जाए ।